# SVEEP ACTIVITIES

SVEEP

# GOVT. COLLEGE KHAIRTHAL

# SVEEP कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विविध कार्यक्रम

| क्रम संख्या | दिनांक | गतिविधि |
|---|---|---|
| 1 | 25 जनवरी | VHA एप डाउनलोड गतिविधि |
| 2 | 29 फरवरी | पौधे लगाकर लिया मतदान का संकल्प |
| 3 | 1 मार्च | मेरा पहला वोट देश के नाम कार्यक्रम |
| 4 | 4 मार्च | युवाओं ने लिया मतदान का संकल्प |
| 5 | 7 मार्च | महिला दिवस पर मतदान शपथ |
| 6 | 9 मार्च | मतदान शपथ लेकर बनाए जागरूकता पोस्टर |
| 7 | 14 मार्च | मतदान जागरूकता पर किया नुक्कड़ नाटक |

# SVEEP कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विविध कार्यक्रम

| क्रम संख्या | दिनांक | गतिविधि |
|---|---|---|
| 8 | 18 मार्च | मतदान जागरूकता के लिए बनाए स्लोगन |
| 9 | 19 मार्च | विद्यार्थियों ने लिया मतदान का ऑनलाइन संकल्प |
| 10 | 21 मार्च | थानाधिकारी ने दी सी-विजिल एप की जानकारी |
| 11 | 30 मार्च | शतप्रतिशत मतदान के लिए हुआ संवाद |
| 12 | 05 अप्रेल | मतदान जागरूकता के लिए बनाए पोस्टर |
| 13 | 08 अप्रेल | राजस्थान पत्रिका का युवा संवाद कार्यक्रम |
| 14 | 12 अप्रेल | मतदान जागरूकता के लिए बनाई मानव श्रृंखला |

| 1 | 25 जनवरी | VHA एप डाउनलोड गतिविधि |
|---|---|---|








# मतदाता दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक, वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर मतदान जागरूकता की ली शपथ

मरुधर विशेष /विजय /शकील

खैरथल 25 जनवरी। राजकीय महाविद्यालय खैरथल में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा मतदाता साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रामकिशोर उपाध्याय ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं को मतदान से संबंधित जानकारी प्रदान करने तथा उनके माध्यम से समाज में जागृति लाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन, सी विजिल, केवाईसी आदि विविध एंड्रॉइड एप्लीकेशन की जानकारी प्रदान की गई तथा विद्यार्थियों को मतदान के महत्त्व की एप्लीकेशन डाउनलोड कर इनके माध्यम से मतदाता पंजीकरण करने, अपने प्रत्याशी को जानने तथा मतदान से संबंधित शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से अवगत करवाया गया। इस दौरान भाषण तथा कविता पाठ गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। भाषण में रिंकी खातून तथा खुशबू सोनी ने भाग लिया जबकि कविता पाठ गतिविधि में काजल, अंतिम, रजनदीप, कुशल जाटव, मेघा, शिवानी, काजल रसगोन आदि विद्यार्थियों ने अपनी अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम में डॉ. विजय गुप्ता ने विद्यार्थियों को जाति, धर्म, संप्रदाय, क्षेत्र आदि से निरपेक्ष रहते हुए योग्य प्रत्याशी का चुनाव करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. राम किशोर उपाध्याय ने विद्यार्थियों तथा स्टाफ सदस्यों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई और भावी निर्वाचन में सभी से मतदान करने की अपील की। इस दौरान महाविद्यालय के संकाय सदस्य सरस्वती मीना, साक्षी जैन, राजवीर मीना, सौम्या बारेठ, विक्रम सिंह, शिवराम मीणा आदि उपस्थित रहे। संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपक चंदवानी ने किया।

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 29 फरवरी | पौधे लगाकर लिया मतदान का संकल्प |

# मेरा पहला वोट देश के लिए राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को किया जागरूक



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा खैरथल**

स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'मेरा पहला वोट देश के नाम' कार्यक्रम का आयोजन कर मतदान का महत्व समझाया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नीतू जेवरिया ने बताया कि कि लोकसभा चुनावों में युवाओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने और युवाओं के माध्यम से समाज में मतदाता जागरूकता लाने के उद्देश्य से 'मेरा पहला वोट देश के लिए' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ दीपक कुमार ने बताया कार्यक्रम में गुरुवार को स्वयंसेवकों ने गमलों में फूलों वाले पौधे लगाकर वोट करने की शपथ ली वहीं शुक्रवार को युवाओं ने महाविद्यालय में एकत्र होकर वोटरलिस्ट में नाम जुड़वाने का संकल्प लिया और युवाओं से अपना पहला वोट देश को समर्पित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नीरज कुमार, डालचंद, विवेक कुमार, तनीषा, करिश्मा, करीना, काजल, आरती, सोनिबाई आदि विद्यार्थी एवं संकाय सदस्य सरस्वती मीणा, साक्षी जैन, विक्रम सिंह, शिवराम मीणा, प्रभुदयाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# मेरा पहला वोट देश के लिए राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को किया जागरूक



**खैरथल ( नि.सं. )।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में मेरा पहला वोट देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन कर मतदान का महत्व समझाया कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नीतू जेवरिया ने बताया कि कि लोकसभा चुनावो में युवाओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने और युवाओं के माध्यम से समाज में मतदाता जागरूकता लाने के उद्देश्य से मेरा पहला वोट देश के लिए का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपक कुमार ने बताया कार्यक्रम में गुरुवार को स्वयंसेवकों ने गमलों में फूलों वाले पौधे लगाकर वोट करने की शपथ ली वहीं शुक्रवार को युवाओं ने महाविद्यालय में एकत्र होकर वोटरलिस्ट में नाम जुड़वाने का संकल्प लिया और युवाओं से अपना पहला वोट देश को समर्पित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नीरज कुमार, डालचंद, विवेक कुमार, सोनिबाई आदि विद्यार्थी एव तनीषा, करिश्मा, करीना, काजल, आरती, विक्रम सिंह, शिवराम मीणा संकाय सदस्य सरस्वती मीणा, साक्षी जैन,

| 3 | 1 मार्च | मेरा पहला वोट देश के नाम कार्यक्रम |
|---|---|---|




दैनिक भास्कर खैरथल/भिवाड़ी भास्कर 02-03-2024


## मेरा पहला वोट देश के लिए राजकीय कॉलेज में बच्चों को किया जागरूक



खैरथल. मेरा वोट देश के नाम अभियान के तहत शपथ लेते।

**खैरथल** | राजकीय महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में ''मेरा पहला वोट देश के नाम'' कार्यक्रम के दौरान मतदान का महत्व समझाया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नीतू जेवरिया ने बताया कि लोकसभा चुनावों में युवाओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने और युवाओं के माध्यम से समाज में मतदाता जागरूकता लाने के उद्देश्य से ''मेरा पहला वोट देश के लिए'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपक कुमार ने बताया कार्यक्रम में गुरुवार को स्वयंसेवकों ने गमलों में फूलों वाले पौधे लगाकर वोट करने की शपथ ली। वहीं शुक्रवार को युवाओं ने महाविद्यालय में एकत्र होकर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का संकल्प लिया और युवाओं से अपना पहला वोट देश को समर्पित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नीरज कुमार, डालचंद, विवेक कुमार, तनीषा, करिश्मा, करीना, काजल, आरती, सोनी बाई आदि विद्यार्थी एवं संकाय सदस्य सरस्वती मीणा, साक्षी जैन, विक्रम सिंह, शिवराम मीणा, प्रभुदयाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 4 मार्च | युवाओं ने लिया मतदान का संकल्प |





# युवाओं ने लिया मतदान का संकल्प

**खैरथल @ पत्रिका.** राजकीय महाविद्यालय खैरथल में मतदाता साक्षरता क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में "मेरा पहला वोट देश के लिए" कार्यक्रम के तहत युवाओं ने मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया। कार्यवाहक प्राचार्य सरस्वती मीणा ने जानकारी दी कि आगामी लोकसभा चुनावों में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और बेहतर सरकार के चुनाव के लिए अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से युवाओं को एकत्र कर शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ.दीपक कुमार ने युवाओं को देश शब्द की भावभूमि को समझाया और राजनीतिक प्रलोभन और दवाब से मुक्त रहते हुए और जाति-धर्म-क्षेत्र के संकीर्ण दायरों से बाहर निकलकर सबसे सुयोग्य प्रत्याशी को चुनने का आह्वान किया। साथ ही युवाओं को मतदाता पहचान पत्र न होने पर मतदान में भाग लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों और वीएचए व सीविजिल एप की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में नीरज कुमार, डालचंद, विवेक कुमार, करिश्मा, रजनदीप, अजीत, पायल, अंशु, मलकीत कौर, सचिन, जितेंद्र, रेखा आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संकाय सदस्य साक्षी जैन, राजवीर मीणा, विक्रम सिंह, शिवराम मीणा, प्रभुदयाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

| 5 | 7 मार्च | महिला दिवस पर मतदान शपथ |
|---|---|---|









## राजकीय महाविद्यालय में महिला दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं ने ली मतदान की शपथ

भिवाड़ी टाइम्स @
(प्रमोद केवलानी)

**खैरथल।** राजकीय महाविद्यालय खैरथल में मतदाता साक्षरता क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महिला दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं ने मतदान की शपथ ली। कार्यवाहक प्राचार्य नीतू जेवरिया ने जानकारी दी कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों के साथ साथ आगामी लोकसभा चुनावों में युवाओं के मत प्रतिशत में वृद्धि के उद्देश्य युवाओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपक कुमार ने छात्राओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने पर ही महिला सशक्तिकरण की अवधारणा से अवगत कराया। मेघा कुमारी ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्रा रजनदीप कौर, मलकीत कौर और अंतिमा ने कन्या भ्रूण हत्या तथा नारी के अधिकारों पर आधारित कविताएँ प्रस्तुत कीं। महाविद्यालय में कार्यरत निजी सहायक सौम्या बारेठ ने छात्राओं को बड़े सपने देखने और जी-तोड़ परिश्रम से उन्हें पूरा करने की प्रेरणा प्रदान की। संकाय सदस्य राजवीर मीणा ने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने और लोकतांत्रिक देश में व्यवस्था द्वारा निर्धारित कानूनों की जानकारी रखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. नीतू जेवरिया ने छात्राओं को अनेक उदाहरण देकर समस्याओं का डटकर सामना करने और आत्मविश्वास का संचार करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में युवाओं को मतदान का महत्त्व और मतदान में युवाओं की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई और उनसे अपने-अपने क्षेत्र में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में नीरज कुमार, डालचंद, विवेक कुमार, रजनदीप, अजीत, पायल, अंशु, दीक्षिता, बबीता, चेतना, पिंकी, आरती, कुशाल, मलकीत कौर आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संकाय सदस्य साक्षी जैन, विक्रम सिंह, शिवराम मीणा, प्रभुदयाल आदि सदस्यों ने अपना सहयोग दिया।

| 6 | 9 मार्च | मतदान शपथ लेकर बनाए जागरूकता पोस्टर |
|---|---|---|






# महाविद्यालय खैरथल में तृतीय एकदिवसीय शिविर के अवसर पर विविध गतिविधियां हुई आयोजित




**मरुधर विशेष /विजय /शकील**

खैरथल 9 मार्च। राजकीय महाविद्यालय खैरथल में मतदाता साक्षरता क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय एकदिवसीय शिविर के अवसर पर मतदान जागरूकता और महिला सशक्तीकरण की थीम पर विविध गतिविधियाँ आयोजित हुई। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नीतू जेवरिया ने बताया कि एक दिवसीय शिविर में युवाओं ने कार्यक्रम का आरंभ अधिकारी डॉ. दीपक कुमार के निर्देशन में एनएसएस के लक्ष्य गीत की भावना को आत्मसात करते हुए किया। कार्यक्रम के आरंभ में योगा तथा जुम्बा गतिविधियाँ कराई गई। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों को मतदान में शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय विद्यार्थी युक्ता व्यास को राज्य सरकार द्वारा स्कूटी दिए जाने और छात्र नोवेश कुमार को सीकर में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। स्वच्छ भारत की भावना को मूर्त रूप देते हुए विद्यार्थियों ने आठ समूहों में विभाजित होकर महाविद्यालय प्रांगण में श्रमदान करते हुए महाविद्यालय को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए योगदान दिया। नेहरू युवा केन्द्र अलवर के निर्देशन और छात्रा रिंकी खातून के नेतृत्व में महिला दिवस के उपलक्ष्य में वुमन फिट तो इंडिया हिट कार्यक्रम के तहत 100 मीटर दौड़ का आयोजन हुआ। जिसमें अंशु लोहतिया ने प्रथम, आरती ने द्वितीय और मंजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेताओं को नेहरू युवा केन्द्र की ओर से प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात युवाओं ने आठ समूहों में विभाजित होकर मतदाता जागरूकता से सम्बंधित स्लोगन व पोस्टर बनाए तथा आगामी लोकसभा चुनावों में युवाओं के मत प्रतिशत में वृद्धि का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सहयोगी संकाय सदस्य राजवीर मीणा ने युवाओं को रचनात्मक ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. नीतू जेवरिया ने कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को निरंतर सक्रिय रहते हुए समाज की सेवा के लिए प्रयास करते हुए अपने व्यक्तित्व का विकास करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार, दीपक, अजय, निकिता, चेतना, संजना, बबलू, साक्षी आदि लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संकाय सदस्य विक्रम सिंह, सौम्या बारेठ, प्रभुदयाल आदि सदस्यों ने अपना सहयोग दिया।

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 14 मार्च | मतदान जागरूकता पर किया नुक्कड़ नाटक |








## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के प्रति किया जागरूक

**न्यूज सर्विस/नवज्योति,खैरथल।** राजकीय महाविद्यालय खैरथल में मतदाता साक्षरता क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के विप्लव नुक्कड़ नाटक समूह के युवाओं ने मतदान जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ दीपक चंदवानी ने बताया कि नाटक न केवल समाज में परिवर्तन लाने का एक सशक्त माध्यम है बल्कि युवाओं के जीवन को रचनात्मक दिशा देने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर सकता है।इसी विचार के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में आत्मविश्वास का संचार करने और उन्हें विविध सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में विप्लव नुक्कड़ नाटक समूह का गठन किया गया है। गुरुवार को इन विद्यार्थियों ने मतदान के प्रति महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूक बनाने के लिए एक विशेष नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के अभिनेता नोवेश ने बताया कि इस नाटक में नारद मुनि स्वर्ग से पृथ्वी पर आते हैं और यहाँ के लोगों से तटस्थ रहते हुए मतदान करने की अपील करते हैंए लेकिन उन्हें यहाँ के नागरिकों में अपने राजनीतिक अधिकारों के प्रति ज्ञान का अभाव अनुभव होता है जिसके कारण नागरिक जातिए धर्म या किसी लालच में पड़कर अयोग्य व्यक्ति का चुनाव कर लेते हैं और अयोग्य व्यक्ति के सत्ता में आने के कारण पूरा समाज खतरे में पड़ जाता है। नाटक के अंत में छात्रा रिंकी और तुषिता ने सभी से जातिएधर्मए प्रलोभन से दूर रहते हुए योग्य व्यक्ति को वोट करने की अपील की। कार्यक्रम में नीरज कुमारए विवेक कुमार, अंशु, दीक्षिता, मलकीत कौर, संजना, संगीता, मुस्कान, कुमकुम, मेघा, शिवानी, तन्नू आदि विद्यार्थियों ने अभिनय किया।

| | | |
|---|---|---|
| 8 | 18 मार्च | मतदान जागरूकता के लिए बनाए स्लोगन |







# मतदान जागरूकता के स्लोगन बनाए, नशा मुक्ति की ली शपथ

## होली पर हर्बल रंगों के इस्तेमाल के लिए किया प्रेरित

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा खैरथल

स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं ने नशा मुक्ति की शपथ लेकर मतदान जागरूकता के स्लोगन लिखे। साथ ही नगर परिषद व जिला प्रशासन की पहल पर महिलाओं द्वारा तैयार किये गए हर्बल रंगों के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. दीपक चंदवानी ने बताया कि नशाखोरी एक सामाजिक बीमारी है जो युवाओं के जीवन को खोखला कर देती है। इस भावना से लगभग 150 युवाओं को नशा न करने और समाज मे जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। स्वीप कार्यक्रम में मिशन

मतदान जागरूकता के स्लोगन लिखे और नारे लगाए। कार्यक्रम सह प्रभारी प्रो. सरस्वती मीणा ने बताया कि होली के पर्व में रसायनिक रंगों के प्रयोग को हतोत्साहित करने और हर्बल रंगों के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से युवाओं का संवेदीकरण किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य चंदवानी ने कृत्रिम रंगों से त्वचा रोग व नेत्रान्धता जैसी अनेक चर्मरोगों से बचाव के लिए जिला प्रशासन और नगर परिषद के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज हित में एक सकारात्मक पहल बताया। विद्यार्थियों के प्रतिनिधि के रूप में उत्तम सिंह और नोवेश कुमार ने नगर परिषद से रंगों को प्राप्त कर विद्यार्थियों में वितरित किया। संकाय सदस्य राजवीर सिंह मीणा ने युवाओं को इस सम्बंध में प्रेरित किया। कार्यक्रम में नीरज कुमार, विवेक कुमार, डालचंद, मलकीत कौर, रजनदीप कौर, पंकज, निकिता, मुस्कान, मोनिका, पायल आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य विक्रम सिंह, शिवराम मीणा, सौम्या

| 9 | 19 मार्च | विद्यार्थियों ने लिया मतदान का ऑनलाइन संकल्प |
|---|---|---|

महाविद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी लिंक के माध्यम से मतदान का संकल्प लिया और ऑनलाइन प्रमाणपत्र प्राप्त किए.



| | | |
|---|---|---|
| 10 | 21 मार्च | थानाधिकारी ने दी सी-विजिल एप की जानकारी |



थानाधिकारी दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से बातचीत कर विद्यार्थियों को VHA एप तथा C-VIGIL एप की जानकारी प्रदान की.

पुलिस प्रशासन ने चुनाव आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया.



| | | |
|---|---|---|
| 9 | 30 मार्च | शतप्रतिशत मतदान के लिए हुआ संवाद |









## शत प्रतिशत मतदान के लिए विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजि

खैरथल @ पत्रिका. राजकीय महाविद्यालय खैरथल में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता साक्षरता क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के युवाओं के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपक चंदवानी ने जानकारी दी कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संवाद कार्यक्रम में लगभग चालीस युवाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य शिवराम मीणा ने यवाओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने और 18 व से अधिक के युवाओं को मतदाता सू में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किर विक्रम सिंह ने युवाओं को आ राजनीतिक अधिकार के प्रति जागरू रहते हुए अपने आस-पड़ोस के लो को भी इस संबंध में प्रेरित करने संदेश दिया। कार्यक्रम में युक्ता व्या शिवानी, मेघा तथा रजनदीप कौर कविता और भाषण के माध्यम से अ विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में संक सदस्य सरस्वती मीणा, राजवीर मी साक्षी जैन, प्रभुदयाल आदि सद उपस्थित रहे।

| | | |
|---|---|---|
| 12 | 05 अप्रेल | मतदान जागरूकता के लिए बनाए पोस्टर |







# मतदान जागरूकता के लिए स्वयंसेवकों ने बनाए पोस्टर




**खैरथल @ पत्रिका.** राजकीय महाविद्यालय खैरथल में मतदाता साक्षरता क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के युवाओं ने मतदान जागरूकता के लिए पोस्टर बनाए। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नीतू जेवरिया ने बताया कि लोकसभा चुनावों में युवाओं की शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में पोस्टर निर्माण गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपक कुमार ने जानकारी दी कि स्वीप कार्यक्रम में आदर्श मतदान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए युवाओं ने मतदान जागरूकता से जुड़े पोस्टर बनाए। इस गतिविधि में पंकज, नीरज, विवेक, निकिता, चंचल, कंचन, होनी, लक्ष्मी, रामभोत ,पूनम, भारती, मुस्कान दीक्षिता आदि स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य सरस्वती मीणा, साक्षी जैन राजवीर मीणा, विक्रम सिंह, शिवराम मीणा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

| 13 | 08 अप्रेल | राजस्थान पत्रिका का युवा संवाद कार्यक्रम |
|---|---|---|

राजस्थान पत्रिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने 'हमारा जनप्रतिनिधि कैसा हो?' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए.



जागो जनमत लोकतंत्र का उत्सव

लोकसभा चुनाव 2024

अलवर सियासत

जन गण मन

राजस्थान पत्रिका 10

अलवर, मंगलवार, 9 अप्रेल 2024

राजस्थान पत्रिका का युवा संवाद कार्यक्रम, युवाओं ने उठाए कई मुद्दे

## समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया, शत-प्रतिशत मतदान करने की भी ली शपथ

युवाओं से संवाद

**खैरथल.** लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान पत्रिका का युवा संवाद कार्यक्रम सोमवार को खैरथल के राजकीय महाविद्यालय मे आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवा मतदाताओं ने अपने अलग अलग विचार व्यक्त किए। किसी युवा वोटर ने कहा की उम्मीदवार स्थानीय होना चाहिए जिसे पुरी लोकसभा क्षेत्र की समस्याओ की पूर्ण जानकारी हो तो किसी वोटर ने स्वच्छ छवि का उम्मीदवार को वोट देने की बात कही। इस दौरान पहली दफा वोट देने वाले युवा वोटर ने शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी ली। कार्यक्रम के दौरान वक्ता बेबाक बोले और समस्याओं को प्रभावी तरीके से उठाया। सभी ने मतदान की शपथ ली।

### ये बोले युवा...

हमें ऐसे व्यक्ति को वोट देना चाहिए जो जाति-धर्म से ऊंचा उठकर देश के नागरिकों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दे को देश की सर्वोच्च पंचायत के पटल पर रखे।

**मेधा,** छात्रा

हमारा जनप्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए जो जाति,धर्म ,भाषा,मजहब के आधार पर राजनीति न करें बल्कि वास्तव में अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर जन सेवा के कार्यों में रुचि दिखाए. लोकतंत्र को मजबूत बना सकते हैं।

**शिवानी,** छात्रा

सांसद के रूप में चुनाव में उतारने वाले प्रत्याशी को न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दों की भी जानकारी होनी चाहिए। एक ऐसे व्यक्ति को प्रतिनिधि बनाना चाहिए जो क्षेत्र का विकास करा सके।

**रिंकी खातून,** छात्रा

अच्छे प्रत्याशी लक्ष्य बड़ा होना चाहिए। जो क्षेत्र की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सम्पूर्ण प्रयास कर सके। जिसे अपने क्षेत्र की समस्याओं की पूरी जानकारी हो वही उन समस्याओं का समाधान कर सकता है।

**कुशाल जाटव,** छात्र

जनप्रतिनिधि के रूप में ऐसे व्यक्ति को चुनना चाहिए जो जनता की बात को आगे ला सके। जनता की आवाज बनकर उसकी परेशानी व जरूरतों को सरकार के सामने रखें और उनको पूरा करने का भरपूर प्रयत्न करें।

**डालचंद प्रजापत,** छात्र

| | | |
|---|---|---|
| 14 | 12 अप्रेल | मतदान जागरूकता के लिए बनाई मानव श्रृंखला |







# मतदाता जागरुकता : युवाओं ने बनाई मानव श्रृंखला

जागरूकता रैली

**खैरथल.** शहर के राजकीय महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के युवाओं ने मतदान जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनाई और मतदान का संदेश दिया।

कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नीतू जेवरिया ने बताया कि लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और युवाओं के द्वारा अपने परिजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपक कुमार के अनुसार महाविद्यालय में लगभग 75 विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाई और मतदान जागरूकता के नारे लगाए।

संकाय सदस्य राजवीर सिं मीणा ने विद्यार्थियों को सह उम्मीदवार का चुनाव करने,आचा संहिता के उल्लंघन पर सी-विजिल ऐप का प्रयोग करने तथा चुना बूथ की जानकारी के लिए वीएच एप के प्रयोग के लिए प्रेरित किया इस गतिविधि में नीरज,विवेक कुशाल, मेघा, खुशी, पूनम मोनिका आदि स्वयंसेवकों ने भा लिया।कार्यक्रम में संकाय सदस राजवीर मीणा, शिवराम मीणा प्रभुदयाल आदि सदस्य उपस्थि रहे।



**खैरथल.** मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए प्रेरित करते हुए।